
# University in News on 21 July 2025

**i-NEXT PAGE 5**

## पीएचडी स्कॉलर्स को अब जल्द मिलेगा अपना अलग स्टडी स्पेस

**एलयू की टैगोर लाइब्रेरी में स्कॉलर स्टूडेंट्स के लिए बनाए जा रहे स्पेशल ब्लॉक**



lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW( 20 July):** पीएचडी स्कॉलर्स को उनकी स्टडी में हेल्प करने और इसकी प्रोडक्टिविटी बढ़ाने के उद्देश्य से एलयू की टैगोर लाईब्रेरी जल्द पीएचडी स्टूडेंट्स के लिए लाईब्रेरी में अलग से स्टडी स्पेस तैयार करने की प्रोसेस में है. ये स्पेस छोटे-छोटे स्टडी स्पेस के रुप में बनाई जाएगी, जिनमें प्रॉपर लॉकिंग सिस्टम, इंटरनेट, कंप्यूटर और बाकी तमाम सुविधाएं दी जाएंगी. जिससे स्कॉलर स्टूडेंट्स कंसिस्टेंसी के साथ पढ़ाई कर पाएंगे. सभी स्कॉलर्स को आसानी से पढ़ने का मौका मिले इसके लिए लाईब्रेरी सभी डिपार्टमेंट्स के स्कॉलर्स का एक टाइम शेड्यूल तय करेगी और स्टूडेंट्स अपने टाइम पीरियड में बिना किसी डिस्टर्बेंस के पढ़ सकेंगे.

### पीएचडी कॉर्नर होगा नाम

पीएचडी स्कॉलर्स के लिए स्पेशली तैयार किए जाने वाले इस कॉर्नर का नाम पीएचडी कॉर्नर होगा. जिसमें स्टूडेंट्स अपनी बुक्स और लाईब्रेरी की बुक्स या ऑनलाइन मैटेरियल एक्सेस कर सकेंगे. टैगोर लाईब्रेरी की लाईब्रेरियन प्रो. केया पांडेय का कहना है कि हम स्टूडेंट्स की सुविधा और टैगोर लाईब्रेरी को वर्ल्ड क्लास लाईब्रेरी बनाने के लिए पूरी तरह से प्रयासरत हैं. ऐसे में स्टूडेंट्स के लिए जो भी जरूरी सुविधाएं हैं, हम उन्हें डेवलप करने की कोशिश कर रहे हैं. इस पीएचडी कॉर्नर का हमारे स्कॉलर स्टूडेंट्स को निश्चित ही बेहतरीन लाभ मिलेगा.

**JAGRAN CITY PAGE III**

### दो की पूरी परीक्षा निरस्त

लखनऊ : लवि ने परीक्षा के दौरान नकल करने के आरोप में एम.एड चौथे और बी.टेक छठे सेमेस्टर के दो विद्यार्थियों की पूरी परीक्षा निरस्त कर दी गई है। वहीं, बी.टेक और बीफार्मा के 14 विद्यार्थियों को नकल के आरोप से बरी कर दिया गया है। इसके अलावा बी.ए तीसरे और पांचवें सेमेस्टर की उत्तर पुस्तिकाओं के चैलेंज मूल्यांकन के परिणाम जारी कर दिए हैं। इनमें पांच विद्यार्थियों को नए अंक दिए गए हैं। (जासं)

### एलएलबी में 78% उपस्थिति

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में एलएलबी तीन वर्षीय और एमबीए/एमटीटीएम पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा रविवार को आयोजित की गई। सुबह की पाली में 5649 के सापेक्ष 4281 (78.67 प्रतिशत) ने प्रवेश परीक्षा दी और 1368 अनुपस्थित रहे। वहीं, दोपहर की पाली में हुई एमबीए/एमटीटीएम की प्रवेश परीक्षा में 3539 में से 2850 (80.56 प्रतिशत) अभ्यर्थी शामिल हुए। 689 अनुपस्थित रहे। (जासं)

## इंजीनियरिंग संकाय के संविदा शिक्षकों का बढ़ेगा वेतन

जागरण संवाददाता • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय में एक जुलाई 2025 तक तीन व पांच वर्ष की सेवा पूरी करने वाले संविदा पर कार्यरत शिक्षकों का वेतन बढ़ा दिया गया है।

कुलसचिव डा. भावना मिश्रा ने वित्त समिति और कार्य परिषद से प्रस्ताव को अनुमोदन मिलने के बाद इस संबंध में पत्र जारी किया है। दरअसल, वित्त समिति की बैठक में इंजीनियरिंग संकाय में संविदा शिक्षकों को जुलाई 2023 के बाद प्रति वर्ष वेतनवृद्धि दिए जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था, जिस पर समिति ने कुलसचिव के आदेश पर पुनः समीक्षा कर उनके नियत वेतन में बढ़ोत्तरी का अनुमोदन दिया गया। एक जुलाई को तीन वर्ष या उससे अधिक सेवा पूरी करने वाले संविदा शिक्षकों को तीन प्रतिशत की दर से अतिरिक्त वार्षिक वेतन वृद्धि और पांच वर्ष या उससे अधिक सेवा पूरी करने वालों को तीन प्रतिशत की दर से दो अतिरिक्त वार्षिक वेतन वृद्धि का अनुमोदन दिया गया है।

**AMRIT VICHAR PAGE 9**

### प्रो. वर्मा बने विधि संकाय के विभागाध्यक्ष और संकायाध्यक्ष



प्रो. रमेश वर्मा

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में प्रोफेसर (डॉ.) रमेश कुमार वर्मा ने 37वें विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. बी. डी. सिंह ने प्रो. वर्मा को पदभार सौंपा। पदभार ग्रहण समारोह में विधि संकाय के सभी शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्रो. वर्मा एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद् हैं और विधि शिक्षा के क्षेत्र में उनका लंबा अनुभव रहा है। उनके नेतृत्व में संकाय को नई दिशा मिलने की संभावना है।

### लविवि में 9 विषयों के सम सेमेस्टर का परिणाम जारी

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक व परास्नातक स्तर के कई पाठ्यक्रमों का परिणाम जारी कर दिया गया है। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी का कहना है कि बीए नॉन एनईपी के पहले, दूसरे, चौथे व छठे, बीएससी नॉन एनईपी चौथे व छठे सेमेस्टर, बीएससी गृह विज्ञान नॉन एनईपी छठे सेमेस्टर और एमएससी भौतिक विज्ञान व एमए अर्थशास्त्र के दूसरे सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित किया गया है। परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपने अनुक्रमांक व जन्म तिथि के माध्यम से परिणाम देख सकते हैं।